E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022.1644...... पटना, दिनांक :– 13/02/2023

आदेश

श्री रवि किशन (Emp.ID-SKN00814) एवं श्री निकेश कुमार प्रसाद (Emp.ID-SKN00833), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो द्वारा बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय में पदस्थापित श्री अशोक कुमार, शिविर प्रभारी–सह–विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के विरूद्ध मानसिक उत्पीड़न, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग एवं अधीनस्थ कर्मी के साथ असभ्य/अमर्यादित व्यवहार के संबंध में शिकायत पत्र इस कार्यालय में दिनांक 25.02.2022 दिया गया है।

प्राप्त शिकायत पत्र के आलोक में मामले की जाँच हेतु बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय को इस कार्यालय के पत्रांक–1232 दिनांक 25.05.2022 द्वारा निदेशित किया गया है। स्मार करने के उपरान्त पत्रांक–1853 दिनांक 18.11.2022 द्वारा जाँच प्रतिवेदन भेजी गयी है। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा शिकायत पत्र में शिविर प्रभारी के विरूद्ध लगाये गये आरोपों को तथ्यहीन बताया गया है। इसके साथ ही उनमें से एक परिवादी को उक्त शिविर से अन्यत्र प्रतिनियुक्त किया गया है।

अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में शिविर प्रभारी–सह–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के विरूद्ध तथ्यहीन शिकायत प्रतिवेदित करने के आरोप में **श्री रवि किशन एवं श्री निकेश कुमार प्रसाद विशेष सर्वेक्षण कानूनगो** को चेतावनी दी जाती है।

13/2/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022...1644....**पटना, दिनांक** :..................

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। जाँच प्रतिवेदन सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) स्तर से भेजे जाने के विरूद्ध इस कार्यालय के पत्रांक 1645 दिनांक 13/02/2023 अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक– 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (वि0सर्वे0कानूनगो)–01/2022.1644...**पटना, दिनांक** : 13/02/2023

प्रतिलिपि :– प्रभारी आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप